# निविदा आमंत्रण सूचना

विशेष सुरक्षा दल सेन्टर, टेलर रोड, पटना स्थित परिसर के सभी प्रखण्डों के कमरों, शौचालयों, स्नानागारों सहित परिसर के बैरक भवनों के कॉमन एरिया (खुला भाग) तथा सेंटर परिसर मैदान, पार्किंग एवं वरीय पदाधिकारियों के आवासीय क्षेत्र के रख–रखाव, साफ–सफाई, बिजली उपकरणों, प्लम्बर से संबंधी कार्य एवं स्वच्छता–प्रबंधन के लिए मुहर बंद लिफाफों में निर्धारित शर्तों के साथ द्वि–लिफाफा पद्धति के तहत तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु 15(पंद्रह) अकुशल कामगार, 02(दो) माली, 01(एक) इलेक्ट्रीशियन, 01(एक) नलसाज(प्लम्बर) एवं 01(एक) पर्यवेक्षक की आवश्यकता है।

इच्छुक निविदादाता तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफों में सुस्पष्ट एवं मोटे अक्षरों में लिखकर मुहरबंद बड़े लिफाफे में डालकर दिनांक 19.09.25 समय 15:00 बजे तक विशेष सुरक्षा दल, सेन्टर टेलर रोड, पटना के पते पर निश्चित रूप से प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात दी गई निविदा मान्य नहीं होगी। तकनीकी निविदा में सफल/स्वीकृति निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा को खोलने के योग्य माना जाएगा। नियमानुकूल नहीं पायी गई तकनीकी निविदा को अस्वीकृत करते हुए उनकी वित्तीय निविदा को नहीं खोला जाएगा। तकनीकी निविदा खोलने की तिथि 26.09.25 स्थान– विशेष सुरक्षा दल सेन्टर टेलर रोड पटना के सभाकक्ष में होगा।

| क्र0सं0 | भवन | स्नानागार एवं शौचालय | क्षेत्रफल(वर्ग फीट में) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासनिक भवन (ब्लॉक–1) (G+1) | 18 | 15152.24 |
| 2 | बहुद्देशीय भवन (ब्लॉक–3) (G+1) | 20 | 15417.30 |
| 3 | बैरेक (ब्लॉक–4) (G+1) | 36 | 13986 |
| 4 | बैरेक (ब्लॉक–5) (G+1) | 36 | 13986 |
| 5 | शस्त्रागार (ब्लॉक–6) (G+1) | 04 | 3758.06 |
| कुल | | 114 | 62299.6 वर्ग फीट |

साफ–सफाई, रख–रखाव एवं स्वच्छता प्रबंधन हेतु विशेष सुरक्षा दल सेन्टर के उपर्युक्त भाग/आवासीय क्षेत्र के साथ–साथ विभिन्न भवनों जिनके क्षेत्रफल का विवरण है, का साफ–सफाई, रख–रखाव एवं स्वच्छता प्रबंधन किया जाना है।

अधोहस्ताक्षरी के पास निविदा की प्राप्ति/खोलने की तिथि को परिवर्तित करने या किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकृत/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**तकनीकी निविदा की शर्तें :–**

1. तकनीकी निविदा में किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान के आवासीय क्षेत्र का रख–रखाव, साफ–सफाई एवं स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अनुभव, इससे संबंधित कार्यपूर्णता प्रमाण–पत्र अथवा कार्यरत रहने के स्थिति में संतोषजनक कार्य करने से संबंधित प्रमाण–पत्र होना चाहिए।
2. निविदादाता द्वारा श्रम अधिनियमों के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन करना, श्रम संसाधन विभाग व वस्तु एवं सेवाकर(जी0एस0टी0) विभाग से पंजीकृत होना अनिवार्य है, निविदा पर पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
3. संवेदक(निविदादाता) का अद्यतन आचरण प्रमाण–पत्र (कम से कम छः माह के अंदर का), निविदा जमा करते समय, देना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को उनके फर्म/प्रतिष्ठान को, किसी सरकारी या गैर–सरकारी संस्था द्वारा, काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ–पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
5. तकनीकी निविदा में निम्न अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा :–
   **(क)** प्रोप्राइटर/फर्म का पैन कार्ड एवं विगत 03 वर्षों के आयकर रिटर्न **(ख)** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) निबंधन प्रमाण–पत्र **(ग)** कर्मचारी राज्य बीमा–निगम (ESIC) में फर्म में कार्यरत निबंधित कर्मचारियों की कुल संख्या एवं निबंधन प्रमाण–पत्र **(घ)** फर्म में कार्यरत कर्मियों का EPFO एवं ESIC में अंतिम 03 महीनों की अद्यतन कटौती विवरणी/चालान **(ड.)** बिहार दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 में कर्मचारियों का निबंधन प्रमाण–पत्र।

6. तकनीकी निविदा के साथ अग्रधन की राशि (EMD) के रूप में 1,00000/–(एक लाख) रूपये का डिमांड ड्राफ्ट, Drawing and Disbursing officer (DDO), Special Security Group, Bihar, Patna के नाम से संलग्न करना आवश्यक होगा।

**वित्तीय निविदा की शर्तें :–**

1. श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार का ज्ञापांक–05/एम0डब्लू0–40–16/2021 श्र0सं0–1660, पटना दिनांक–28.03.2025 के आलोक में " न्यूनतम मजदूरी " (अकुशल 424/–रूपया प्रतिदिन, कुशल 536/–प्रतिदिन) तय की गयी है। तय न्यूनतम दर से कम दर पर मजदूरी वाली निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।ए
2. वित्तीय निविदा में **(क)** अकुशल कर्मियों की दैनिक मजदूरी दर एवं कुशल कर्मियों की दैनिक मजदूरी दर अलग–अलग दिया जाए तथा मासिक दर की गणना दैनिक दर में 26 से गुणा कर प्राप्त किया जाएगा **(ख)** साफ–सफाई में प्रयुक्त होने वाली उच्चतम गुणवत्ता की सामग्रियों को न्यूनतम बाजार दर पर उपलब्ध कराएंगें अन्यथा उनकी निविदा रद्द की जा सकती है। सामग्रियों की प्रतिमाह कुल लागत की अधिकतम सीमा 30,000/–(तीस हजार रूपये) निर्धारित की जाती है।
3. Outsourcing के माध्यम से मानव बल की सेवाएं एवं पारिश्रमिक भुगतान हेतु वित्त विभाग के संकल्प पत्रांक–एम0–4–06/2023–2988/वि0,दिनांक–23.03.2023 एवं पत्र संख्या–एम0–4–6–2023–2149/वि0, दिनांक–14.09.2023 (समय–समय पर यथासंशोधित) द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
4. GST की देयता संवेदक/सेवा प्रदाता एजेंसी को किये जाने वाले कुल भुगतान (यथा, न्यूनतम पारिश्रमिक, Employer Contribution For EPF and ESI एवं Service Charge) के योग पर होगी।
5. साफ–सफाई की सेवा प्राप्त करने हेतु सेवा शुल्क न्यूनतम 3.85 प्रतिशत अधिकतम 07 प्रतिशत नियमानुसार निर्धारित है, इसी आधार पर निविदा दाखिल करना होगा।

**सफाई कार्य की शर्तेः–**

1. अनुबंध प्राप्त निविदादाता से एक वर्ष के लिए एक वैध एकरारनामा किया जाएगा। तय अवधि से पूर्व कार्य समाप्त करने के लिए 01 माह पूर्व नोटिस देना होगा अन्यथा अग्रधन राशि जब्त कर लिया जाएगा।
2. प्रतिदिन सफाई का कार्य 09.30 बजे प्रातः तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा सफाई कर्मियों को कार्यालय अवधि तक रखना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता द्वारा पहचान हेतु सभी सफाई कर्मियों को फोटोयुक्त पहचान पत्र देना होगा। जिसमें सफाई कर्मियों का नाम, पता, आधार एवं मोबाईल न0 अंकित होगा। यह पहचान पत्र, विशेष सुरक्षा दल, बिहार, पटना कार्यालय के पास सत्यापित कर जमा करना होगा। अवयस्कों से कोई कार्य नहीं लिया जाएगा।
4. सफाई की दर एक (01) वर्ष के लिए प्रभावी रहेगी। सफाई कार्य संतोषजनक रहने पर निविदा की अवधि को आगे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। कार्य संतोषजनक नहीं रहने की स्थिति में निविदा को कभी भी समाप्त किया जा सकता है।
5. निविदादाता के सफाई कर्मी द्वारा लापरवाही से सरकारी सम्पति की क्षति पहुँचने की स्थिति में क्षति की पूर्ण भरपाई निविदादाता को करनी होगी अन्यथा उनके द्वारा जमा अग्रधन की राशि से क्षति राशि को समायोजित कर लिया जाएगा।
6. सफाईकर्मी की अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं असंतोषजनक साफ–सफाई होने की स्थिति में राशि की नियमानुसार कटौती की जा सकेगी।
7. निविदादाता को विभाग द्वारा साफ–सफाई हेतु भुगतान की गयी राशि के नियमानसुार करों की कटौती से संबंधित विवरणी समय–समय पर कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।
8. सम्पूर्ण परिसर में गंदगी, कूड़ा का निपटान (Waste Diaposal) करना।
9. उपरोक्त कार्यो के लिए मजदूर, औजार आदि का प्रबंध करना।

**आवश्यक कारणों से किसी भी समय निविदा रद्द की जा सकती है।**

26.08.25

**पुलिस उप–महानिरीक्षक(सुरक्षा)**
**विशेष सुरक्षा दल,**
**बिहार, पटना।**

ज्ञापांक–SSG/GP/48/2022/Vol-1/2183 पटना, दिनांक–26/08/2025

प्रतिलिपि–

1. पुलिस महानिरीक्षक(मुख्यालय), बिहार, पटना से अनुरोध है कि इस संविदा को पुलिस मुख्यालय के सूचना पट पर लगाने के संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देने हेतु सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि निविदा का कम से कम दो राष्ट्रीय समाचार पत्र (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं कम से कम दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाय।
3. जिलाधिकारी, पटना/वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को इसकी सूचना पटना शहर में प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में अपने स्तर से संबंधित का निदेशित करने हेतु प्रेषित।
4. मुख्य कार्य पदाधिकारी, पटना नगर निगम, पटना को सूचना पट पर लगाकर इसकी सूचना प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में प्रेषित।
5. श्री अनुराधा चन्द्र, कार्यपालक अभियंता, पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।
6. आई0टी0 प्रबंधक, पुलिस महानिदेशक कार्यालय को निविदा की एक प्रति बिहार पुलिस के वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।
7. प्रभारी, रक्षित कार्यालय, विशेष सुरक्षा दल को सूचनार्थ एवं सूचना पट पर लगाकर इसकी सूचना प्रचारित/प्रसारित करने के संबंध में प्रेषित।
8. सभी संबंधित को सूचनार्थ।

26.08.25

पुलिस उप–महानिरीक्षक(सुरक्षा)
विशेष सुरक्षा दल,
बिहार, पटना।